# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

## *विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की बीसवीं बैठक दिनांक 18 दिसम्बर, 2018 की कार्यवाही का विवरण*

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर की प्रबंध मण्डल की 20वीं बैठक दिनांक 18 दिसम्बर, 2018 को प्रातः 11.00 बजे माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) विष्णु शर्मा की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में भाग लेने वाले माननीय सदस्यों की सूची संलग्न (संलग्नक–1) है–

सर्वप्रथम सदन द्वारा माननीय कुलपति माननीय प्रो. (डॉ.) विष्णु शर्मा के कुलपति पद पर कार्यभार ग्रहण करने एवं प्रबंध मण्डल की अपनी पहली बैठक की अध्यक्षता करने के लिए स्वागत किया। कुलपति महोदय ने सभी उपस्थित सदस्यों विशेष रूप से प्रथम बार बैठक में भाग लेने वाले सदस्य डॉ. ए.के. मिश्रा, पूर्व कुलपति, जीबीपीयूएटी, पंतनगर एवं कुलाधिपति के द्वारा नामित सदस्य एवं नव–निर्वाचत सदस्यों का स्वागत किया। माननीय कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का इस विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक की गई प्रगति से रूबरू करवाते हुए बताया कि आठ वर्ष के अल्पकाल में आशातीत प्रगति की है एवं शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित किये है। साथ ही यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ने से वर्तमान में विश्वविद्यालय में उपलब्ध मानव संसाधनों (टीचिंग एवं नॉन–टीचिंग) की संख्या लगभग 1000 है। विश्वविद्यालय के तीन शैक्षणिक परिसर यथा बीकानेर, जयपुर एवं नवानियां–उदयपुर है जहाँ स्नातक, स्नातकोत्तर एवं दो–वर्षीय पशुपालन डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्येश्य से सरकार के वित्तीय सहयोग से स्वदेशी नस्ल के गौ–वंश के फार्म स्थापित किये जा चुके है। विश्वविद्यालय द्वारा विस्तार के क्षेत्र में प्रगति करते हुए अपनी तकनीकों को पशुपालकों तक पहुँचाने एवं उनको प्रशिक्षित करने के उद्येश्य से 13 वेटरनरी यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेन्टर्स स्थापित किये जा चुके है। इन केन्द्रो की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध करवायी गई है एवं आवश्यक पदों को स्वीकृत किया गया है। चूंकि विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार पूरा प्रदेश है अतः किसानों एवं पशुपालको को पशुरोगों के निदान संबंधी एवं रख–रखाव संबंधी नवीनतम जानकारी प्रदान करने के उद्येश्य से 24X7 टेलीफोन हैल्पलाईन सेवा प्रारंभ की गई है बल्कि आकाशवाणी केन्द्रों के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक गुरुवार को "धीणे री बात्यां" कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा 12–बी की मान्यता प्रदान की गई है जिससे यूजीसी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट्स स्वीकृत करवाने में मदद मिलेगी एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया

जायेगा। साथ ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नईदिल्ली द्वारा भी एक्रेडिटेड किया जा चुका है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त रैकिंग में विश्वविद्यालय ने प्रथम 150 विश्वविद्यालयों में अपना स्थान बनाया है।

माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि चूंकि कुलपति के रूप में यह उनकी प्रथम बैठक है, अतः उनकी प्राथमिकता रहेगी की विश्वविद्यालय के बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक संख्या में मानव संसाधनों की उपलब्धता हो। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करवाना भी प्राथमिकताओं में से एक है। विद्यार्थियों को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए कौशल विकास के अन्तर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में एन.ए.एच.ई.पी. के अन्तर्गत प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किये जा चुके है। कुलपति महोदय ने यह भी बताया कि यह भी उनकी प्राथमिकता रहेगी कि पशुपालन विभाग के सहयोग से वेटरनरी यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेन्टर्स को सुदृढ़ करने के लिए सहयोग लिया जायेगा।

तत्पश्चात् माननीय कुलपति महोदय ने बैठक की कार्यवाही जारी रखने के लिए कुलसचिव को निर्देशित किया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने माननीय कुलपति महोदय को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि सभी सदस्य उनके दिशा–निर्देशन में विश्वविद्यालय की चहुँमुखी विकास के लिए सदैव सहयोग देते रहेंगे।

इसके पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

| Agenda No. | Agenda |
|---|---|
| एजेंडा संख्या 20/ए | प्रबंध मण्डल की गत बैठक दिनांक 20.04.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। |
| निर्णय | प्रबंध मण्डल की गत बैठक दिनांक 20.04.2018 की कार्यवाही विवरण का सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/बी | प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 20.04.2018 की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट (Action Taken Report) का अनुमोदन। |
| निर्णय | प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 20.04.2018 की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट (Action Taken Report) का सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/सी | To report order No. F.37(2)RB/2010/6043 dated 25th, July/ 8th August, 2018 from the Governor and Chancellor, RAJUVAS, Bikaner pertaining to appointment of Prof. (Dr.) Vishnu Sharma as Vice-Chancellor, RAJUVAS, Bikaner. |
| निर्णय | सदन द्वारा Note किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/डी | To consider the recommendations of Academic Council approving draft Statutes Ordinances and Regulations of RAJUVAS prepared under the provisions of Section-42, 44 and 46 of the RAJUVAS Act-2010 vide |

| | |
|---|---|
| | resolution No. 13/B dated 17.12.2018 |
| निर्णय | विस्तृत चर्चा उपरांत सदन ने शैक्षणिक परिषद् की अनुशंषाओं को मानते हुए स्टेच्यूट्स, ऑर्डिनेंसेज और रेग्युलेशंस जो कि राजुवास के अधिनियम की धारा 42, 44 और 46 के अंतर्गत तैयार किये गये है, को राजुवास के अधिनियम की धारा 43 एवं 45 के अंतर्गत अनुमोदन किया गया ताकि इन्हें माननीय कुलाधिपति महोदय की सहमति (Assent) हेतु प्रस्तुत किया जा सके। |
| एजेंडा संख्या 20/ई | अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 28.09.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| निर्णय | अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 28.09.2018 के कार्यवाही विवरण का विस्तृत चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया । |
| एजेंडा संख्या 20/एफ | अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 17.12.2018 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 17.12.2018 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/जी | वित्त समिति की अष्ट्म बैठक दिनांक 10.08.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| निर्णय | वित्त समिति की अष्ट्म बैठक दिनांक 10.08.2018 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/एच | To Report communication No. K-110(11)/9/2018-LH dated 28.09.2018 from the Ministry of Agriculture Farmer Welfare, Department of Animal Husbandry, Dairying & Fisheries Govt. of India Nominating Dr. Vishnu Sharma, Hon'ble Vice-Chancellor, RAJUVAS, Bikaner to visit Tokyo Japan for attending the 2nd Regional workshop for Veterinary & Education Establishment (VEES) and Veterinary statutory body during 19-20 November, 2018. |
| निर्णय | माननीय कुलपति महोदय के भारत सरकार द्वारा 2nd Regional workshop जो कि 19–20 नवम्बर, 2018 को टोकियो, जापान में आयोजित हुई में नाम नामित करने के आदेश दिनांक 28.09.2018 को सदन द्वारा Note किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/आई | To Report order No.F./RAJUVAS/Reg/PA/2018/113 dated 25.08.2018 pertaining to hire residence by the Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner and also to declare official residence of Hon'ble Vice-Chancellor, RAJUVAS, Bikaner. |
| निर्णय | विश्वविद्यालय के आदेश एफ./ राजुवास/रजि./पीए/2018/113 दिनांक 25.08.2018 का अनुमोदन किया गया। |

| | |
|---|---|
| एजेंडा संख्या 20/जे | विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन |
| निर्णय | विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/के | To consider amendment in SOP for civil works in RAJUVAS, Bikaner in accordance to latest Rule 73 of RTPP Rules-2013. |
| निर्णय | शिड्यूल ऑफ पॉवर्स सिविल वर्क हेतु किये गये संशोधन का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा संख्या 20/एल | अन्य कोई एजेण्डा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। |
| एजेंडा संख्या 20/एल–I | To consider the *Varshik Pragati Prativedan* 2018-19 for approval |
| निर्णय | विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन 2018–19 का अनुमोदन किया गया। |

माननीय सदस्य श्री सुरेश चन्द्र गुर्जर ने सुझाव दिया कि चूंकि उनके क्षेत्र कोटपुतली में वर्तमान में विश्वविद्यालय का कोई केन्द्र संचालित नही हो रहा है अतः कोटपुतली के पशुपालकों के लिए विश्वविद्यालय में होने वाले प्रशिक्षण के कार्यक्रमों की सूचना उपलब्ध करवायी जाने की व्यवस्था की जाये ताकि इस क्षेत्र के पशुपालक भी नई तकनीकों का लाभ ले सके।

इस संदर्भ में माननीय कुलपति महोदय ने अवगत करवाया कि यद्यपि विश्वविद्यालय में पशुपालकों के संबंध में होने वाले प्रशिक्षणों की सूचना विश्वविद्यालय भिन्न भिन्न वीयूटीआरसी केन्द्रों द्वारा पशुपालकों को करवायी जाती है। फिर भी प्रशिक्षण की सूचनाओं को राजुवास की वेबसाईट पर उपलब्ध करवाया जायेगा एवं उचित माध्यम के द्वारा भी उन्हें सूचित करने की भी व्यवस्था के प्रयास किये जायेंगे।

माननीय सदस्यों ने कई सराहनीय सुझाव दिये जिनका यथा समावेश आगामी बैठकों के एजेन्डा/रिपोर्ट तैयार करते समय किया जायेगा। साथ ही डॉ. ए.के. मिश्रा, माननीय सदस्य द्वारा यह सुझाव दिया कि वीडिंग ऑफ रिकार्ड्स के संदर्भ में आईसीएआर/भारत सरकार की इस बाबत जारी गाईड लाईन्स को भी देख लिया जावे।

माननीय सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि नियमानुसार कार्य निष्पादन हेतु सभी संबंधित ऑथोरिटी/अधिकारी फाईल को अग्रेसित करते समय माननीय कुलपति को प्रकरण का संक्षिप्त विवरण (स्नोप्सिस), नियम व स्पष्ट अभिशंषा/सिफारिश अंकित करें जिससे उच्च स्तर पर नीतिगत निर्णय लेने में सहायक सिद्ध हों।

तत्पश्चात् डॉ, त्रिभुवन शर्मा, संकायाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता ने सभी माननीय सदस्यों के बैठक में भाग लेने एवं मूल्यवान योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही बैठक समाप्त हुई।

19/12/18

**(Hemant Dadhich)**
**REGISTRAR**

No. F.(2)/RAJUVAS/Estt/BOM-20/2018/ 1198 Dated: 19-12-18

Copy for information and necessary action to:

1. The Secretary to Hon'ble Governor and Chancellor, Raj Bhawan, Jaipur (Raj.)
2. PS to Vice-Chancellor, RAJUVAS, Bikaner for kind perusal of the Hon'ble Vice-Chancellor.
3. All Hon'ble members of Board of Management, RAJUVAS, Bikaner.

19/12/18

**(Hemant Dadhich)**
**REGISTRAR**

**Annexure-1**

# बैठक में भाग लेने वाले माननीय सदस्यों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Dr. A.K. Mishra, Former Vice-Chancellor. G.B.Pant University of Agriculture & Technology, Pantnagar (U.P.) Chancellor's Nominee | **Member** |
| 2. | Dr. Kamal Jaiswal, Professor & Head, B.S.B.R., Ambedkar University, Lucknow Chancellor's Nominee | **Member** |
| 3. | Sh. Pankaj Raj Meena, Livestock Farmer | **Member** |
| 4. | Sh. Suresh Chandra Gurjar, Rep. of Industries, Dairy Products | **Member** |
| 5. | Smt. Manju Dixit, Women Social Worker | **Member** |
| 6. | Dr. Anand Prakash Vyas, Eminent Educationist, Outside University | **Member** |
| 7. | Dr. Tribhuwan Sharma, Dean & Chairman Faculty, CVAS, Bikaner | **Member** |
| 8. | Dr. R.K.Singh, Director Research, RAJUVAS, Bikaner | **Member** |
| 9. | Sh. M.L. Jain, Representing M.D. RCDF | **Member** |
| 10. | Dr. Ranjeet Singh, Joint Director, Rep. Director, A.H. | **Member** |
| 11. | Sh. Arvind Bishnoi, Comptroller, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 12. | Dr. R.K.Dhuria, Convener, PRC | **Invitee** |
| 13. | Dr. Govind Singh, O.S.D. to V.C., RAJUVAS, | **Invitee** |
| 14. | Dr. Hemant Dadhich, Registrar, RAJUVAS, Bikaner | **Member Secretary** |